
पंकज गर्ग

# जल विज्ञान





1. हाइड्रोलॉजी एक विज्ञान है–
(क) हवा तथा मृदा का
(ख) सड़क एवं नगरों का
(ग) जल का
(घ) वायुमण्डल का

2. ग्रीन हाउस प्रभाव, वायुमण्डल में किस गैस के बढ़ जाने के कारण होता है?
(क) नाइट्रोजन
(ख) आक्सीजन
(ग) हाइड्रोजन
(घ) कार्बन डाइआक्साइड

3. ब्राइन (brine) क्या है?
(क) एक गैस
(ख) एक द्रव
(ग) तीव्र खारा जल
(घ) सामान्य जल

4. ग्रीष्म ऋतु में झीलों के सूखने का मुख्य कारण है–
(क) वर्षा
(ख) हिमपात
(ग) अपरोधन
(घ) वाष्पन

5. वर्षण प्राप्त होता है–
(क) वर्षा के रूप में
(ख) हिमपात के रूप में
(ग) अपरोधन के रूप में
(घ) उपरोक्त सभी रूपों में

6. जल ऊर्जा के लिए नदियों पर बांध बनाने हेतु उपयुक्त स्थल मैदानी भाग में नहीं होने का कारण है–
(क) पानी की कमी
(ख) मैदानों में कम वर्षा का होना
(ग) अधिक वाष्पन
(घ) कम विभवान्तर (potential head) का होना


7. जल ऊर्जा उत्पादन में जल की आवश्यकता पड़ती है–
(क) टरबाइन्स को ठंडा करने के लिए
(ख) टरबाइन्स को घुमाने के लिए
(ग) भाप उत्पन्न करने के लिए
(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं


8. नदी की उपनदी (ट्रिब्यूटरी)–
(क) नदी से निकलती है
(ख) नदी से जुड़ती है
(ग) कभी नदी से निकलती है, कभी नदी से जुड़ती है
(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

9. भाखड़ा नांगल बांध किस राज्य में स्थित है?
(क) पंजाब में
(ख) हरियाणा में
(ग) जम्मू तथा कश्मीर में
(घ) हिमाचल प्रदेश में

10. भारत की औसत वर्षा है–
(क) 10 से.मी.
(ख) 119 से.मी.
(ग) 139 से.मी.
(घ) 153 से.मी.

11. भूमण्डलीय तापमान में वृद्धि से–
(क) समुद्र का जल स्तर बढ़ जायेगा








(ख) समुद्र का जल स्तर कम हो जायेगा
(ग) समुद्र जल स्तर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा
(घ) भूजल का स्तर बढ़ जायेगा

12. जलाशयों से वाष्पन कम करने में सबसे अधिक प्रभावी है–
(क) इथाइल एल्कोहल
(ख) मिथाइल एल्कोहल
(ग) सीटाइल एल्कोहल
(घ) ब्यूटाइल एल्कोहल

13. वनों को काटने से–
(क) नदियों में बहाव बढ़ेगा
(ख) नदियों में बहाव कम होगा
(ग) भूजल बढ़ेगा
(घ) अवसाद वहन कम होगा

14. सामान्यतः बांध बनाये जाते हैं–
(क) बाढ़ नियन्त्रण हेतु
(ख) जल ऊर्जा उत्पादन हेतु
(ग) सिंचाई हेतु
(घ) उपरोक्त सभी कार्यों हेतु

15. वह क्षेत्र जहाँ कृषि कार्यो हेतु पर्याप्त जल उपलब्ध नहीं होता है, उसे कहते हैं–
(क) शुष्क क्षेत्र
(ख) आर्द्र क्षेत्र
(ग) अर्ध आर्द्र क्षेत्र
(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

16. वृक्षारोपण की एक उपयोगिता है–
(क) यह मृदा कटाव को कम करता है
(ख) यह मृदा कटाव को बढ़ाता है
(ग) इसका मृदा कटाव पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता
(घ) यह हवा का तापमान बढ़ाता है

17. विश्व में सर्वाधिक वर्षा होती है–
(क) मोस्यनराम, मेघालय, भारत में
(ख) सोन बिलक, आस्ट्रिया में
(ग) चेरापूंजी, असम, भारत में
(घ) वाशिंग्टन डी. सी., अमेरिका में

18. वर्षा मापन यंत्र का सर्वप्रथम आविष्कार तथा प्रयोग हुआ था–
(क) चीन में (ख) कोरिया में
(ग) भारत में (घ) अमेरिका में

19. निस्सरण की इकाई क्या है?
(क) घन मीटर/सेकंड
(ख) वर्ग मीटर/सेकंड
(ग) मीटर/सेकंड
(घ) वर्ग मीटर/वर्ग सेकंड

20. वर्षा की गणना की जाती है–
(क) वर्षा अनुकारक से
(ख) वर्षा संवेदक से
(ग) हुक प्रमापी से
(घ) वर्षण प्रमापी से

21. वर्षा मापन की इकाई है–
(क) लिटर
(ख) मि. मी.
(ग) वर्ग मि. मी.
(घ) मि. मी./सेकंड

22. कटाव कहते हैं–
(क) मृदा के अपरदन को
(ख) जलाशयों से वाष्पन को
(ग) बालू के बहाव को
(घ) वृक्षों के जल अवषोषण को

23. नदी का मीएनडरिंग कहते हैं–
(क) नदी का ऊपर तथा नीचे जाना
(ख) नदी के बहाव की दिषा का बारबार बदलना
(ग) नदी की वर्टेक्स
(घ) नदी की हाइड्रोलिक उछाल

24. पश्चिमी राजस्थान में कम वर्षा होती है क्योंकि?
(क) मानसून लाने वाली वायु अरावली पर्वत से बाधित हो जाती है ।
(ख) मानसून लाने वाली वायु अरावली पर्वत से बाधित नहीं होती है।
(ग) यह प्रान्त गर्त में स्थित है।
(घ) यह प्रान्त वर्षा की छाया क्षेत्र में स्थित है।

25. समुद्र का पानी नीला प्रतीत होता है–
(क) पानी के नीले रंग के कारण।
(ख) समुद्र बहुत गहरा होने के कारण।
(ग) आकाश तथा जल परमाणु से प्रकाश का परावर्तन तथा छितरण होने के कारण।
(घ) आकाश के नीला होने के कारण।

26. उत्तर प्रदेश की मृदा मुख्यतः–
(क) लाल है।
(ख) उत्पादन न करने वाली रेतीली है।
(ग) जलोढ़ है।
(घ) लैटेराइट है।

27. पौधों के विकास के लिए उपयोगी मृदा आर्द्रता प्राप्त होती है–
(क) गुरूत्व जल से
(ख) कोशिकीय जल से
(ग) रासायनिक विधि द्वारा व्यवहारिक जल से
(घ) वायु में उपलब्ध आर्द्रता से

28. मौसम अनुमान के लिए टी. वी. पर दिखायी जाने वाली तस्वीर लिये जाने का समय है–
(क) 12 दोपहर
(ख) 8.30 प्रातः
(ग) 2.30 दोपहर
(घ) 4.30 सांय


29. भारत के किस राज्य में भूगर्भ जल में आर्सेनिक (arsenic) प्रदूषण से सबसे अधिक गंभीर समस्या है ?
(क) पश्चिमी बंगाल
(ख) आसाम
(ग) तमिलनाडू
(घ) महाराष्ट्र

30. दिन के समय में जल स्रोतों (जैसे झील, तालाब इत्यादि) का तापमान भूमि के तापमान से–
(क) अधिक होता है।
(ख) कम होता है।
(ग) बराबर होता है।
(घ) ऋतु पर निर्भर करता है।

31. पानी है एक–
(क) पूर्ण विसारक
(ख) पूर्ण अवशोषक
(ग) परावर्तक
(घ) कोई नहीं।

32. भारत में सैटेलाइट डाटा प्राप्त किये जाते हैं–
(क) श्रीहरीकोटा में
(ख) पोखरन में





(ग) जम्मू में
(घ) हैदराबाद में

33. प्रकाश की किरण हवा से पानी में जाने पर थोड़ा झुक जाती है–
(क) अवशोषण के कारण
(ख) अपवर्तन के कारण
(ग) प्रकीर्णन के कारण
(घ) कोई नहीं

34. संसार में उपलब्ध कुल जल की मात्रा में से लवण जल का प्रतिशत है–
(क) 61 प्रतिशत
(ख) 33 प्रतिशत
(ग) 67 प्रतिशत
(घ) 97 प्रतिशत

35. उष्ण कटिबंधीय चक्रवात (tropical cyclone) का कारण है–
(क) कम दाब
(ख) उच्च दाब
(ग) कम तापमान
(घ) उच्च तापमान

36. भारत में वर्षा मुख्यतः होती है–
(क) मानसून से
(ख) फ्रंटल से
(ग) पर्वतों के कारण
(घ) उपयुक्त में से कोई नहीं

37. वर्षण के लिए वायुमंण्डल में केवल नमी की उचित मात्रा जरूरी है–
(क) हां (ख) नहीं

38. धूल के कण वर्षण के लिए अनिवार्य हैं–
(क) हां (ख) नहीं

39. वर्षा की बूंद का आकार होता है–
(क) गोलीय
(ख) बेलनीय
(ग) अर्धगोलीय
(घ) उपयुक्त में से कोई नहीं

40. वर्षा की गणना करते हैं–
(क) आयतन से
(ख) ऊंचाई से
(ग) क्षेत्रफल से
(घ) उपयुक्त में से कोई नहीं

41. सामान्यः भौमजल स्तर मानसून (वर्षा) ऋतु में–
(क) ऊपर उठता है
(ख) नीचे गिरता है
(ग) स्थिर रहता है
(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

42. पानी का घनत्व अधिकतम होता है–
(क) 4°C पर
(ख) 4°C से अधिक ताप पर
(ग) 4°C से कम ताप पर
(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

43. अच्छी गुणवत्ता का जल सीधे प्राप्त किया जा सकता है–
(क) समुद्र से
(ख) नदियों से
(ग) झीलों से
(घ) वर्षा एवं भूगर्भ जल से

44. जल का स्रोत (वर्षा, हिमगलन अथवा भूगर्भ जल) पहचाना जा सकता है–
(क) समस्थानिक हस्ताक्षर से
(ख) जियोमॉर्फोलॉजिकल लक्षणों से
(ग) जलविज्ञानीय सीमाओं से
(घ) भौतिक आकार से

45. नदियों में प्रवाह होता है–
(क) जल विद्युत बल द्वारा
(ख) वायुबल द्वारा
(ग) गुरूत्वीय बल द्वारा
(घ) उपयुक्त में से कोई नहीं

46. जल विद्युत उत्पन्न की जाती है, जहाँ होती है–
(क) पानी में तरंग
(ख) पानी का मोड़ या झुकाव
(ग) पानी का ऊंचाई
(घ) दो नदियों का मिलन

47. वर्षा जल, भूमि में अंतः स्यंदित (infiltrate) होता है–
(क) अलग स्थानों पर अलग गति से।
(ख) सभी स्थानों पर समान गति से।
(ग) बिल्कुल अंतः स्यंदित नहीं होता।
(घ) कभी–कभी अंतः स्यंदित होता है।

48. गंगा का उदगम है–
(क) ऋषिकेश
(ख) गढ़मुक्तेश्वर
(ग) गंगोत्री
(घ) भीमगोडा

49. भूगर्भ जल भूमि के नीचे अलग–अलग गहराइयों पर पाया जाता है–
(क) हां (ख) नहीं

50. दिल्ली में पेयजल का मुख्य साधन है–
(क) गंगा (ख) सतलुज
(ग) यमुना (घ) झेलम



## उत्तर :

1 (ग) 2 (घ) 3 (ग) 4 (घ)
5 (घ) 6 (घ) 7 (ख) 8 (ख)
9 (क) 10 (ख) 11 (क) 12 (ग)
13 (क) 14 (घ) 15 (क) 16 (क)
17 (क) 18 (ग) 19 (क) 20 (घ)
21 (ख) 22 (क) 23 (ख) 24 (ख)
25 (ग) 26 (ग) 27 (ख) 28 (ग)
29 (क) 30 (ख) 31 (ग) 32 (घ)
33 (ख) 34 (घ) 35 (क) 36 (क)
37 (ख) 38 (क) 39 (क) 40 (ख)
41 (क) 42 (ग) 43 (घ) 44 (क)
45 (ग) 46 (ग) 47 (क) 48 (ग)
49 (क) 50 (ग)

## सूक्तियां

राष्ट्रभाषा की उपेक्षा से
देश का भविष्य
अंधकारमय हो जाएगा।
महादेवी वर्मा

सरलता और शीघ्रता से
सीखी जाने योग्य
भाषाओं में हिंदी सर्वोपरि है।
लोकमान्य तिलक

उस भाषा को राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकारा जाना चाहिए जो देश के सबसे बड़े हिस्से में बोली जाती हो, अर्थात् हिन्दी।
रवीन्द्रनाथ ठाकुर

राष्ट्रभाषा के रूप में हिन्दी
हमारे देश की एकता में
सबसे अधिक सहायक सिद्ध होगी,
इसमें दो राय नहीं।
जवाहरलाल नेहरू

हिन्दी द्वारा सारे भारत को
एकसूत्र में पिरोया जा सकता है।
महर्षि दयानन्द सरस्वती

देश के सबसे बड़े भू–भाग में
बोली जाने वाली हिन्दी ही
राष्ट्रभाषा की अधिकारिणी है।
सुभाषचन्द्र बोस

विदेशी भाषा के माध्यम से
शिक्षा की हिमायत करने वाले
जनता के दुश्मन हैं।
महात्मा गाँधी

हिंदी से किसी भी
भारतीय भाषा को भय नहीं है,
यह सबकी सहोदरा है।
महादेवी वर्मा

हिन्दी भारत की अमरवाणी है।
यह स्वतंत्रता और
सम्प्रभुता की गरिमा है।
माखनलाल चतुर्वेदी

हिन्दी विश्व की
सर्वाधिक सम्पन्न भाषा
संस्कृत की ज्येष्ठ पुत्री है।
आचार्य विनोबा भावे